हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 20.8 डिग्री

11 सीएम के आदेशों पर जिला प्रशासन मुस्तैद, प्रशासन की टीम का सफाई पर फोकस



12 एक घंटे की बारिश में पानी-पानी हुआ शहर, जलभराव से लोगों को हुई परेशानी



## गुरुग्राम के न्यू पातली से होगी सीधी कनेक्टिविटी, मालगाड़ियों को नहीं लगाना पड़ेगा लंबा चक्कर

# डीएफसी का रेल बाईपास बनाएगा यातायात सुगम
# कुंभावास से सीधे न्यू रेवाड़ी को जोड़ेगा टैक

■ पैसेंजर ट्रेनों के संचालन समय में भी होगा सुधार

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन मालवाहक ट्रेनों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए दिल्ली रेल लाइन से सीधे न्यू रेवाड़ी रेलवे स्टेशन को कनेक्ट करने के लिए रेल लाइन बिछवा रहा है। रेलवे के इस बाईपास निर्माण के बाद मालगाड़ियों को गुरूग्राम के न्यू पातली रेलवे स्टेशन जाने के लिए वाया काठूवास या अटेली नहीं जाना पड़ेगा। लगभग 119 करोड़ रुपये की लागत से इस रेल बाईपास का निर्माणकार्य अगले साल पूरा होने की संभावना है। बाईपास निर्माण के बाद दिल्ली रेल लाइन पर पैसेंजर ट्रेनों की संचालन अवधि में भी बड़ा सुधार आ जाएगा। यूपी के न्यू दादरी से मुंद्रा और दूसरी बंदरगाहों के बीच अप और डाउन दोनों लाइनों पर रोजाना लगभग 80 मालवाहक ट्रेनों का आवागमन होता है। न्यू रेवाड़ी स्टेशन इसमें बड़ी भूमिका अदा कर रहा है। इस स्टेशन से प्रदेश से लेकर पंजाब तक आयातकों और निर्यातकों को रेल रूट से माल भेजने और मंगवाने की सुविधा मिल रही है। अभी तक यूपी के दादरी से आने वाली मालवाहक ट्रेनों को गुरूग्राम के न्यू पातली तक भेजने और वहां से न्यू रेवाड़ी तक आने के लिए काठूवास या न्यू अटेली रेलवे स्टेशन तक दौड़ लगानी पड़ती है। इन स्टेशनों से पैसेंजर ट्रेनों वाली लाइनों को ही यूज किया जा रहा है। मालगाड़ियां रेवाड़ी रेलवे स्टेशन से होकर गुजरती हैं। इससे पैसेंजर ट्रेनों का संचालन प्रभावित होता है। दादरी से पातली के लिए निकलने वाली मालगाड़ी को न्यू अटेली भेजने के बाद रेल विभाग की लाइन से वापस रेवाड़ी जंक्शन भेजा जाता है। इसके बाद मालगाड़ियों को रेल विभाग की लाइनों से ही पातली या दिल्ली की ओर भेजा जाता है। इन्हीं लाइनों को वापसी में भी यूज किया जाता है। बाईपास लाइन का निर्माण होने के बाद मालगाडियों को सीधे न्यू रेवाड़ी से न्यू पातली स्टेशन भेजने और वापसी की सुविधा हो जाएगी।






रेवाड़ी। नए रेलवे ट्रैक के लिए तैयार की जा रही जमीन, डीएफसी का न्यू रेवाड़ी रेलवे स्टेशन। फोटो :हरिभूमि

### क्रासिंग के लिए होता लंबा इंतजार

मालगाड़ियों से पहले पैसेंजर ट्रेनों को पहले निकालने को प्राथमिकता दी जाती है। इससे रेलवे ट्रैक पर यात्री ट्रेनों के निकलने तक मालगाड़ियों को लंबा इंतजार भी करना पड़ता है। ट्रैक पर मालगाड़ी होने की सूरत में यात्री ट्रेनों को भी कई बार क्रॉसिंग के लिए स्टेशन या आउटर सिंगलों पर इंतजार करना पड़ता है, जिससे यात्री ट्रेनों का संचालन प्रभावित होता है। बाईपास लाइन बनने के बाद मालगाड़ियों का आवागमन जंक्शन से बाहर से ही शुरू हो जाएगा, जिससे पैसेंजर ट्रेनों के संचालन समय में काफी सुधार हो सकेगा। कोड लाइन से कोयले की सप्लाई झाडली और हिसार के पावर प्लांटों में कोयले की सप्लाई भी डीएफसी की लाइनों से हो रही है। इन पावर प्लांटों में दैनिक 12 से 15 मालगाड़ी कोयला सप्लाई हो रहा है। पहले कोयला मालगाड़ियां न्यू रेवाड़ी स्टेशन से भिवानी रेल ट्रैक पर पहुंचती थी। इससे स्टेशन पर मालगाड़ियों का कंजक्शन बढ़ता था। अब इन ट्रेनों को होम सिंगल से पहले ही कोड लाइन से बाहर की बाहर निकालना शुरू कर दिया गया है। इससे मालगाड़ियों के आवागमन के समय में सुधार हुआ है तथा स्टेशन के यार्ड में मालगाड़ियों का भार कम हो गया है।

### यात्री ट्रेनों के समय में होगा सुधार

बाईपास लाइन का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद स्टेशन पर मालगाड़ियों का कंजक्शन कम हो जाएगा। पैसेंजर ट्रेनों की संचालन अवधि में व्यापक सुधार आएगा। हमने कोयला ट्रेनों को भी कोड लाइन से सीधे किशनगढ़ बालावास भेजना शुरू कर दिया है, जिससे यार्ड में कंजक्शन कम हो गया है।
**-मंजीत गहलावत, एसएम, न्यू रेवाड़ी जंक्शन।**

### रेलवे जंक्शन पर बढ़ता कंजक्शन

*गुरूग्राम के न्यू पातली रेलवे स्टेशन से बड़ी संख्या में कंटेनरों की मालगाड़ियों का आवागम होता है। यह मालगाड़ियां अभी रेलवे जंक्शन से होकर गुजरती हैं। इससे जंक्शन पर कंजक्शन बना रहता है। बड़ी संख्या में मालगाड़ियां लाइन खाली होने के इंतजार में रेलवे स्टेशन पर खड़ी रहती हैं। इससे यात्री टेनों का परिचालन प्रभावित होता है। कई बार प्लेटफार्म पर मालगाड़ी खड़ी होने से दूसरी ट्रेन को उसके निकलने तक आउटर सिंगनल पर रोक दिया जाता है, जिससे संचालन में देरी होती है।*

## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। कई बार काउंसलिंग कराने के बाद भी बातचीत सिरे नहीं चढ़ी तो पुलिस ने 31 जुलाई को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के बड़सेरा निवासी हरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### टूटी सड़क से हादसे होने की आशंका

**रेवाड़ी।** चांदूवास गांव के पास टूटी सड़क से हादसों की आशंका बनी हुई है। मोहनुपर व आसपास के गांवों के लोगों ने बताया कि इन गांवों के लिंक रोड़ टूटकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। बारिश होते ही सड़कों के गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे हादसों का डर बना रहता है। दुपहिया वाहन चालक गड्ढों में एकत्रित पानी के कारण गिरकर हादसों का शिकार हो रहे हैं। इनमें कई सड़कें मार्केटिंग बोर्ड की हैं, जिनकी हालत बदहाल बन चुकी है। ग्रामीणों ने इन सड़कों की तुरंत मरम्मत कराने की मांग की है।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**जाटूसाना।** थाना जाटूसाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र में 28 अगस्त को हुए हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। इस हादसे में एक युवक घायल हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी चालक की तलाश शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने भाकली निवासी गौरव को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### बिजली गुल रहने से ग्रामीण परेशान

**बावल।** क्षेत्र के गांवों में बिजली के अघोषित कटों ने लोगों को परेशान किया हुआ है। कालड़वास निवासी सुरेंद्र, अजीत, विनोद, विक्रम व सुनील आदि ने बताया कि रात के समय गांव में बिजली गुल हो जाती है। इसके बाद घंटों बिजली नहीं आती। गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को बिजली के बना भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने निगम अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की है। लोग कई दिनों से बिजली की समस्या का सामना कर रहे हैं।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गुर्जरवाड़ा निवासी अभिषेक अवैध शराब का धंधा करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर जाकर अभिषेक को काबू कर लिया। उसके कब्जे से पुलिस ने 57 पव्वे अवैध शराब बरामद की। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

### चोरी के दोनों आरोपी भेजे गए जेल

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने चोरी के आरोप में गिरफ्तार किए गए दो लोगों को सोमवार को कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया। मॉडल टाउन में एक प्राइवेट अस्पताल के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया गया था। इस मामले में पुलिस ने पीथनवास की ढाणी निवासी देवीलाल व भवाड़ी निवासी पंकज को गिरफ्तार किया था। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

## बावल में कंपनी श्रमिक से मारपीट, नकदी छीनकर फरार हुए आरोपी

**बावल।** दुकान से रूम पर लौट रहे एक श्रमिक के साथ तीन बदमाशों ने मारपीट करते हुए नकदी छीन ली। थाना बावल पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। एमपी के बिजासेन गांव निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह एक कंपनी में हेल्पर लगा हुआ है। रेलवे रोड पर वह किराए के कमरे पर रह रहा है। रात को वह अपने कमरे से रेलवे ओवरब्रिज के नीचे एक दुकान पर सामान लाने के लिए गया था। कमरे पर वापस आते समय तीन युवकों ने उसे आवाज लगाकर अपने पास बुला लिया। इन युवकों ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। पास के स्टेडियम में ले जाकर उसके मोबाइल फोन से एक हजार रुपये दूसरे नंबर पर ट्रांसफर करा लिए। उसकी जेब से 6300 रुपये निकालकर आरोपियों ने मोबाइल फोन भी छीन लिया। इसके बाद आरोपी कुछ दूरी पर फोन फेंककर फरार हो गए। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद आरोपियों का पता लगाने के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। आईओ अनिल कुमार के अनुसार ओमप्रकाश की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# रोहित कालिया पर फायरिंग का चौथा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सीआईए ने गत 23 अगस्त को शहर के मोहल्ला भजन का बाग में एक युवक पर फायरिंग करके जानलेवा हमला करने के मामले में संलिप्त एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

गत 23 अगस्त को सशस्त्र बदमाशों ने रोहित उर्फ कालिया पर उस समय फायरिंग कर दी थी, जब वह अपने घर लौट रहा था। एक गोली उसकी कमर में लगी थी। गोली मारने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद उन्होंने रोहित को इलाज के लिए अस्पताल भर्ती कराया दिया। जिस पर पुलिस ने उसकी मां की शिकायत पर थाना शहर में हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त तीन आरोपी मोहल्ला कंपनी बाग रेवाड़ी निवासी दीपांशु उर्फ यशु, मोहल्ला गुर्जरवाडा रेवाड़ी निवासी हिमांशु उर्फ लाला व मोहल्ला खासापुरा निवासी सूजल को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया था कि रोहित उर्फ कालिया से उनकी पुरानी रंजिश के चलते उन्होंने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी हिमांशु उर्फ लाला व सूजल से वारदात में प्रयोग किए गए दो देशी कट्टे, तीन जिन्दा रोंद व एक खाली खोल भी बरामद किया था। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी हिमांशु उर्फ लाला बताया था की उसे वारदात में प्रयोग किया गया देशी कट्टा खरीदने के लिए 10 हजार रुपए मोहल्ला गुर्जरवाडा हाल आबाद मोहल्ला मुक्तिवाडा रेवाड़ी निवासी इंद्र ने उपलब्ध करवाए थे। जो इस मामले में पुलिस ने मामले में संलिप्त एक और आरोपी मोहल्ला गुर्जरवाडा हाल आबाद मोहल्ला मुक्तिवाडा निवासी इंद्र को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।



हत्या के प्रयास मामले में गिरफ्तार किया गया आरोपी। फोटो :हरिभूमि

■ पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी



### जर्जर हो रही सड़क से हादसों की आशंका, ग्रामीणों ने की मरम्मत कराने की मांग

**डहीना।** गांव निमोठ से कपूरी को जोड़ने वाला करीब 4 किलोमीटर लंबा रोड दुर्दशा का शिकार बना हुआ है। इससे दोनों गांवों के साथ-साथ आसपास के गांवों के लोगों को भी आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। टूटी सड़क से हादसों की आशंका लगातार बनी हुई है। निमोठ निवासी विक्रम, विजय, सुभाष, अभिषेक कुमार, जयप्रकाश व चांदसिंह आदि ने बताया कि इस रोड का निर्माण मार्केटिंग बोर्ड ने कराया था। निर्माण सामग्री घटिया होने के कारण सड़क बनने के बाद ही टूटनी शुरू हो गई थी। अब यह सड़क बुरी तरह टूट चुकी है। इस सड़क से निमोठ, कपूरी, ककराला व रामबास आदि गांवों के लोगों का आवागमन होता है। जर्जर सड़क के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। सड़क पर कई फुट लंबे और गहरे गड्ढे बने हुए हैं। बरसात के समय गड्ढों में पानी भरने से हादसों की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सड़क की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है।

# आईपीओ में पैसा निवेश करने के नाम पर ठगी
# लालच देकर लगाया 19 लाख रुपये का चूना

■ साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साइबर ठग निवेश के नाम पर मोटी कमाई का लालच देकर लोगों को ठगी का शिकार बनाने की योजना में लगातार कामयाब हो रहे हैं। एक रिटायर्ड कर्मचारी को साइबर ठगों ने आईपीओ में निवेश से मोटा लाभ कमाने का लालच देकर लगभग 19 लाख रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। एलआईसी के रिटायर्ड कर्मचारी सेक्टर-4 निवासी अजीत सिंह ने साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि गत 5 अगस्त को वह मोबाइल फोन निवेश करने वाली कंपनी यश सिक्योरिटी सर्च कर रहा था। इसी दौरान उसके मोबाइल पर एक लिंक आया। लिंक पर क्लिक करने के बाद उसे आईपीओ में पैसा निवेश करने पर मोटा मुनाफा होने के बारे में बताया गया। उससे लिंक के जरिए खाता खुलवाकर पैसा निवेश करने के लिए आईडी बनवाई गई। पहली बार उसने 4999 रुपये का इन्वेस्टमेंट किया, तो उसके खाते में 10 हजार रुपये का लाभ दिखाया गया। उसने लालच में आकर कई ट्रांजेक्शन के जरिए अपने और अपनी पत्नी के बैंक खातों से 19.30 लाख रुपये लिंक से बनाए खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उसके खाते में 1.83 करोड़ रुपये मुनाफा दिखाया गया।




रेवाड़ी। साउथ रेंज साइबर पुलिस स्टेशन। फोटो :हरिभूमि

### पैसा निकालने के प्रयास पर मांगी रकम

अजीत ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसने अपने खाते से पैसा निकालने का प्रयास किया, परंतु पैसा नहीं निकला। जिस नंबर से उसका संपर्क होता था, उस पर बात की तो उसे बताया गया कि उसे पैसा निकालने के लिए लगभग 16.44 लाख रुपये बतौर फीस और जमा कराने होंगे। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हो गया। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें उसकी रकम ट्रांसफर हुई है। जांच के दौरान यह भी पता चला है कि जिन खातों में अजीत का पैसा ट्रांसफर हुआ है, उनसे अधिकांश नकदी की निकासी हो चुकी है।

### करंट की चपेट में आने से सैनिक की पत्नी की मौत

**रेवाड़ी।** पुन्सिका गांव में सोमवार सुबह करंट की चपेट में आने से सेना के जवान की पत्नी की मौत हो गई। रामपुरा थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

भारतीय सेना में तैनात गांव निवासी सतबीर की 45 वर्षीय पत्नी प्रेम देवी सोमवार को चक्की चलाकर आटा पीस रही थी। चक्की की मोटर में करंट प्रवाहित होने के कारण प्रेम देवी चपेट में आ गई। करंट लगते ही वह बेसुध होकर जमीन पर गिर गई। परिवार के लोगों ने बिजली बंद करने के बाद प्रेम को उठाकर एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद रामपुरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया। मृतका दो बच्चों की मां थी। दोनों बच्चों के सिर से मां का साया उठा गया।

■ रामपुरा थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया

# अवैध हथियार के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया
■ पुलिस द्वारा आरोपी की तलाशी लेने पर अवैध देशी कट्टा व एक जिन्दा रोंद बरामद हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

थाना मॉडल टाउन पुलिस ने सेक्टर-18 में एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुलदीप निवासी गांव कोनसीवास जिसके पास अवैध हथियार है। जो वह अभी सेक्टर-18 में गलेक्सी सोसायटी की तरफ जाने वाली सड़क पर खड़ा हुआ है। जिस सूचना पर तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर साथी मुलाजमान की मदद से आरोपी को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम कुलदीप निवासी गांव कोनसीवास बतलाया। पुलिस द्वारा आरोपी की तलाशी लेने पर 01 अवैध देशी कट्टा व एक जिन्दा रोंद बरामद हुआ। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना माडल टाउन रेवाड़ी में शस्त्र अधिनियम तहत मामला दर्ज करके आरोपी कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



रेवाड़ी। अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया आरोपी। फोटो :हरिभूमि

## रेस्ट हाउस सभागार में विधायक ने शहरी निकाय सहित जनस्वास्थ्य व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की

# विधायक ने सफाई अभियान की समीक्षा कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सोमवार को रेस्ट हाउस सभागार में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने शहरी निकाय सहित जनस्वास्थ्य व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर शहरी क्षेत्र के सुधारीकरण व सौंदर्यकरण के लिए उठाए जाने वाले कदमों की विस्तार से समीक्षा की विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से चलाए जा रहे शहरी स्वच्छता अभियान में रेवाड़ी जिला के शहरी क्षेत्र सफाई व्यवस्था में होने वाली रैंकिंग में आने वाले समय में उम्दा प्रदर्शन करेंगे। ऐसे में संबंधित विभाग योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए लोगों को सुखद वातावरण प्रदान करने में अपना दायित्व निभाएं। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि रेवाड़ी का हर आमजन सफाई योद्धा के रूप में शासन-प्रशासन की ओर से चलाई जा रही म्हारा रेवाड़ी-स्वच्छ रेवाड़ी मुहिम में उत्साहपूर्वक भागीदार बन रहा है। विधायक ने बैठक में जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवरेज सिस्टम को दुरूस्त किया जाए और कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित हों। उन्होंने कहा कि सडकों पर सीवरेज लाइन जहां कहीं भी टूटी हुई हालत में है अथवा लीकेज की समस्या है तो उसे तत्परता से ठीक किया जाए और किसी भी रूप से लोगों को परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने शहरी निकाय अधिकारियों को कहा कि डोर टू डोर कूड़ा उठान कार्य नियमित रूप से हो और लोगों को कूड़ा करकट सडकों पर न डालें इसके लिए जागरूक किया जाए। जिला प्रशासन बेहतर ढंग से इस मुहिम को सिरे चढ़ाने में अपना योगदान दे रहा है ऐसे में इस पुनीत अभियान में रेवाड़ी जिला का हर शख्स पूरी सजगता से सहभागी बन रहा है। उन्होंने बैठक में लोगों के घरों तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने भी निर्देश दिए।



रेवाड़ी। बैठक में सफाई अभियान पर अधिकारी से चर्चा करते लक्ष्मण यादव।

### सरकार के निर्देशों की हो रही अनुपालना

बैठक में जिला नगर आयुक्त ब्रह्मप्रकाश ने बताया कि शहरी निकाय की ओर से रेवाड़ी, बावल व धारूहेड़ा में प्रभावी रूप से सरकार के दिशा-निदेर्शों की अनुपालन की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग की टीम जहां निर्धारित रूट अनुरूप डोर टू डोर कूड़ा उठान प्रक्रिया कर रही है वहीं मार्केट में नियमों की अवहेलना करने वालों के चालान भी काटे जा रहे हैं। इतना ही नहीं लोगों को सफाई रखने का संदेश देने में भी प्रशासन की पूरी टीम कार्य कर रही है।

### एक निगम की सुधार योजना दूसरे के लिए परेशानी

**रेवाड़ी।** बिजली निगम की ओर से शहर में लाइनों के सुधारीकरण का जो कार्य शुरू किया गया है, वह भारत संचार निगम लि. के लिए सिरदर्द बन रहा है। सोमवार को मेंटिनेंस कार्य के दौरान बीएसएनएल की ओएफसी कटने से ब्रास मार्केट व मॉडल टाउन एरिया की ब्राडबैंड सेवा घंटों बाधित रही। ब्रास मार्केट व दूसरे एरिया में बिजली निगम तारों की जगह केबल बिछाने व पोल बदलने का कार्य कर रहा है। इसी के चलते बीएसएनएल की केबल कट जाती हैं, जिससे उपभोक्ताओं की ब्रॉडबैंक सेवा बाधित हो जाती है। सोमवार को ब्रास मार्केट के पास निगम की ओएफसी कट गई, जिससे कई उपभोक्ताओं की ब्रॉडसेवा बंद हो गई। बीएसएनएल के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद केबल जोड़कर ब्राडबांड सेवा बहाल की। इसके बाद ही उपभोक्ताओं को राहत मिल सकी।

हरिभूमि सहेली
रोहतक, मंगलवार
2 सितंबर 2025

विशेष
शिक्षक दिवस
5 सितंबर



# सबसे बड़ा शिक्षक है समय

समय अच्छा हो या बुरा, समयानुसार घर-परिवार का जीवन, प्रोफेशनल लाइफ के उतार-चढ़ाव, ये हमें ऐसे सबक सिखाते हैं कि शिक्षक भी क्या सिखाएंगे। हर समय-काल में हम जो भी करते हैं, देखते हैं, ये सब हमें व्यावहारिक जीवन का पाठ पढ़ाते हैं, जीवन जीने की कला सिखाते हैं। जीवन में इसकी सार्थकता, उपयोगिता को हर किसी को जरूर समझना चाहिए।

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

घड़ी की टिक-टिक के साथ जिंदगी में हर पल, हर दिन, सामने आने वाले उतार-चढ़ाव, सुख-दुःख और सफलता-असफलता से जुड़े कई बदलाव। यानी, साथ चलने वाला टाइम जो सिखाता है, वो कोई नहीं सिखा सकता। पीड़ा का दौर हो या सुख का समय, अनगिनत सबक अपने साथ लाता है। यह हमसे जुड़े हालातों की ही नहीं, खुद हमारी हिम्मत और सूझ-बूझ की हकीकत से रूबरू करवा देता है। वक्त वाकई एक शिक्षक की तरह ही है, जो जीवन से जुड़े कितने ही फ्रंट्स पर एक नया नजरिया देता है। सीख और समझ के नए पाठ पढ़ाता है। कभी सजगता तो कभी सकारात्मकता के सबक देता है। जिंदगी का ऐसा कोई पहलू नहीं, जिससे जुड़ी सीख शिक्षकों से नहीं मिलती। कुछ इसी तरह समय भी जीवन के हर पक्ष पर कोई ना कोई सबक देता ही है, जरूरत इस बात की होती है कि वक्त के हर पड़ाव पर मिलने वाले अच्छे-बुरे सबक हम याद रखें।

## सीखना एक सतत प्रक्रिया

'जब तक जीना तब तक सीखना, अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।' स्वामी विवेकानंद का यह कथन व्यावहारिक धरातल से जुड़ा सच है। सीखने की प्रक्रिया जीवन भर चलती है। समय की धारा में जीवन के पड़ाव बदलते रहते हैं। परिस्थितियों में उतार-चढाव आते रहते हैं, पर जिंदगी का हर लम्हा कुछ ना कुछ समझाकर जाता है, कभी दुःख में कोई सीख हमारे हिस्से आती है तो कभी सुख कोई पाठ पढ़ा जाता है। जीवन के कठिन दौर में इंसान धैर्य और ठहराव का सबक सीखता है। वहीं सहजता और खुशियों को जीते हुए सहृदय और विनम्र बनने की सीख मिलती है। समझने वाली बात यह है कि दोनों ही हर तरह की परिस्थितियों के, एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह जीवन में आती-जाती रहती हैं। कहते भी हैं कि समय एक जैसा कभी नहीं रहता, वक्त के साथ बहुत कुछ बदलता और नए रंग ढलता हुआ मानवीय जीवन का हिस्सा बना रहता है। जीवन की कक्षा में शिक्षक बन सबक सिखाने वाला समय कभी नहीं ठहरता, जिसके चलते जिंदगी में नए सबक पाने के मोर्चे पर भी कोई ठहराव आता है, यही बात जीवन को गतिशील बनाए रखती है।

### वास्तविकता से परिचय

जिंदगी के हर फ्रंट पर वक्त इंसान को हकीकत से रूबरू करवाता है। अपने-पराए का भेद समझने की बात हो या खुद अपने अहंकार के बदले कुछ खो देने की स्थिति, समय गुरु बन हर परिस्थिति को स्पष्टता से समझा देता है। समय के साथ बनने-बिगड़ने वाले हालात ही इंसान को जीवन के हर सच से मिलवाते हैं, कहा भी जाता है कि वक्त किसी के लिए नहीं रुकता। इसीलिए समय से मिलने वाली शिक्षाएं, जीवन में प्राथमिकताएं तय करने का भाव भी लाती हैं। बीते पल लौटकर नहीं आते, यह समझ जिंदगी को खुलकर जीने की सोच को बल देती है। समय-समय पर हुई गलतियां इंसान में गैर-जरूरी चीजों के पीछे भागते रहने के बजाय, सुकून के साथ जीने का जज्बा पैदा करती हैं। इतना ही नहीं, हकीकत के धरातल पर वक्त ही रिश्तों के कच्चे-पक्के रंगों से भी मिलवाता हैं। हकीकत का सामना करवाने वाला समय का फेर हमें जीवन के ही नहीं, मन के मोर्चे पर भी बदल देता है। समय इंसानी समझ के पहलू को संवारता है। तालमेल की सीख देता है। जैसे शिक्षकों की भूमिका सोच को दिशा देने में अहम होती ही है, व्यावहारिक समझ को बेहतर बनाने में भी उनका अमूल्य योगदान होता है, वैसे ही समय का पाठ समय ही पढ़ाता है।



## हर पीड़ा का मरहम

वक्त हर पीड़ा का मरहम होता है। समय ही यह सिखाता है कि जीवन का हर दौर गुजर जाता है, इसीलिए धैर्य और दृढ़ता का गुण हम टाइम टीचर से ही सीखते हैं। समय हमारे भीतर यह भरोसा जगाता है कि मन की टूटन हो, रिश्तों का अलगाव हो या काम-काजी जिंदगी के फ्रंट पर कोई उलझाव-बिखराव, एक दिन सब ठीक हो जाता है। बस खुद को थामे रहने की दरकार होती है। कोई नेगेटिव कदम उठाने से दूर, वक्त दुख-दर्द झेलते हुए धैर्य रखना सिखाता है। समय कभी बदलाव को स्वीकार आगे बढ़ना तो कभी हालातों का डटकर सामना करने का पाठ पढ़ाता है। कहते हैं कि समय के फेर के आगे इंसान कुछ नहीं कर सकता है। हां, इस फेर में 'टाइम टीचर' से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। सच तो यह है कि इंसान किसी पुस्तक में पढ़े पाठ को भूल सकता है पर समय के उतार-चढावों से मिले किसी भी सबक को भुला पाना मुश्किल होता है। लाजिमी भी है, क्योंकि समय ऐसे सबक कठिन परीक्षा लेकर देता है। अनमोल कहा जाने वाला समय, जीवन के बहुत से पहलुओं पर वाकई अमूल्य सीख दे जाता है।



# ऑफिस में ऐसे बनेगी अच्छी इमेज

हर वर्किंग वूमेन वर्क प्लेस पर अपनी अच्छी इमेज बनाए रखना चाहती है। यह प्रोफेशल प्रोग्रेस के लिए जरूरी भी है। अगर आप कुछ बातों का ध्यान रखेंगी तो आपकी वर्क प्लेस इमेज बहुत बेहतर रहेगी, कुलीग्स ही नहीं, बॉस भी आपको एप्रिसिएट करेंगे।



वर्किंग वूमेन
प्रतिभा अग्निहोत्री

अकसर देखा जाता है, एक ही ऑफिस में कुछ महिलाएं अपने वर्क प्लेस पर बहुत अच्छी इमेज बना लेती हैं, वहीं बाकी महिलाएं अधिक काम करके भी ऐसा नहीं कर पातीं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कुछ महिलाएं सिर्फ काम करती हैं तो कुछ काम को स्मार्टली और बेहतर ढंग से अंजाम देती हैं। आप भी जरूर अपने वर्क प्लेस पर अपनी इमेज को अच्छा बनाना चाहेंगी, तो इन बातों को ध्यान में रखें-

**पंक्चुअल रहें:** अकसर महिलाओं को लगता है कि पांच-दस मिनट ऑफिस लेट आने से क्या फर्क पड़ता है या कौन सा बॉस देख रहा है? आपकी यह सोच आपकी प्रोफेशनल इमेज को खराब करती है। एक बार खराब इमेज बन जाने पर उसे सुधारना काफी मुश्किल होता है। टाइम से दस मिनट पहले ऑफिस पहुंचने का नियम बनाएं, इससे आपके सीनियर्स को लगता है कि आप अपने काम के प्रति काफी सीरियस हैं।

### विनम्र-व्यवहार कुशल बनें

कोई भी गलती हो जाने पर उसे विनम्रतापूर्वक स्वीकार करके सुधारने का प्रयास आपकी प्रोफेशनल लाइफ को बेहतर बनाएगा। अपने सहकर्मियों के साथ भी अपने व्यवहार को लचीला और सुमधुर रखें। इससे ऑफिस में आपकी छवि अच्छी रहेगी।



**कंफर्ट जोन से बाहर निकलें:** अकसर वर्किंग वूमेन, किसी भी नए काम को करने या एक्सपेरिमेंट करने से बचती हैं, वे बने-बनाए ढर्रे पर चलना पसंद करती हैं। ऐसा करने के बजाय आप अपनी तरफ से इनोवेटिव प्रयास करें, अपने काम में अपनी क्रिएटिविटी को जोड़ें। इस तरह काम करने से ऑफिस में आपकी एक अलग छवि बनेगी, जो आपकी प्रोफेशनल लाइफ की इमेज को बेहतर बनाएगी।

**वीकनेस पर वर्क करें:** अनामिका का अपने प्रोजेक्ट पर आइडिएशन बहुत अच्छा था, लेकिन उसका एग्जीक्यूशन उतना ही कमजोर था, जिससे अकसर उसका आइडिया भी फ्लॉप हो जाया करता था। ऐसा आपके साथ ना हो इसके लिए यह समझना होगा कि कमियां हर इंसान के काम में हो सकती हैं, लेकिन जरूरी है कि अपनी उन कमियों को पहचानें, उन्हें दूर करें। वर्कप्लेस में अपनी कमियों को पहचानकर उन्हें जल्दी से जल्दी दूर करने का प्रयास करें, इससे आपकी छवि बेहतर बनेगी।

**समय सीमा का ध्यान रखें:** हर काम की एक निश्चित समय सीमा होती है। बेहतर है कि आप अपने हर ऑफिसियल कार्य को समय सीमा में ही समाप्त करें, इससे आपका कार्य समय पर समाप्त होगा ही, साथ ही बॉस की नजरों में आपकी इमेज भी बहुत अच्छी रहेगी।

**व्यवस्थित रहें:** अपने काम पर हमेशा फोकस्ड रहें, साथ ही व्यवस्थित भी रहें। अपनी डेस्क, कबर्ड और फाइल्स को हमेशा व्यवस्थित रखें ताकि जरूरत पड़ने पर आप इन्हें जल्दी से निकाल सकें या फिर आपकी अनुपस्थिति में कोई दूसरा भी आवश्यकतानुसार इनका उपयोग कर सके।

---

मेडिकल एडवाइस
डॉ. धीरज कपूर
एचओडी-एंडोक्राइनोलॉजी
आर्टिमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम

हाल के वर्षों में बहुत सी महिलाएं थायरॉइड की समस्या से ग्रसित हो रही हैं। क्या हैं इस रोग के कारण, इसके लक्षणों को कैसे पहचानें, इससे बचाव और उपचार के बारे में डिटेल में जानिए।

# थायरॉइड जानें लक्षण-कराएं उपचार



हमारे शरीर में थायरॉइड नामक एंडोक्राइन ग्लैंड, गले के निचले हिस्से में स्थित होता है। इस ग्लैंड से खास तरह के हार्मोन टी-3 और टी-4 का स्राव होता है, जो शरीर की अनेक कोशिकाओं को सही ढंग से काम करने में मदद करते हैं। मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया को नियंत्रित करने में भी इन दोनों हार्मोंस का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इनकी कमी या अधिकता से भूख, नींद, वजन, शारीरिक वृद्धि और मनोदशा प्रभावित होती है।

**रोग के कारण :** जब थायरॉइड ग्लैंड से निकलने वाले हार्मोन में असंतुलन हो जाता है तो व्यक्ति इससे संबंधित रोग से ग्रसित हो जाता है। इसके अलावा आनुवांशिकता, जन्मजात रूप से ग्लैंड की संरचना में कोई गड़बड़ी, एंटीबायोटिक्स या स्टेरॉयड दवाओं के साइड इफेक्ट से भी थायरॉइड ग्लैंड की कार्य क्षमता प्रभावित हो सकती है।

**रोग के प्रकार:** आमतौर पर इस समस्या के दो रूप देखने को मिलते हैं, पहले प्रकार की समस्या को हाइपोथायरॉइडिज्म कहा जाता है। इसमें थायरॉइड ग्लैंड धीमी गति से काम करता है। इसकी वजह से शरीर के लिए आवश्यक हार्मोन टी-3 और टी-4 बहुत सीमित मात्रा में यानी जरूरत से कम मात्रा में बनता है। इससे टीएसएच हॉर्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जो ग्लैंड को अधिक मात्रा में हार्मोन बनाने के लिए उत्प्रेरित करता है। दूसरी अवस्था को हाइपरथायरॉइडिज्म कहते हैं। इसमें टी-3 और टी-4 हार्मोंस अधिक मात्रा में बनने लगता है, इससे टीएसएच यानी थायरॉइड स्टिम्युलेटिंग हार्मोन का निर्माण सीमित मात्रा में होने लगता है। रिसर्च से यह तथ्य सामने आया है कि अधिकतर लोगों में हाइपो थायरॉइडिज्म यानी हार्मोन का स्तर घटने की समस्या देखने को मिलती है। हाइपरथायरॉइडिज्म यानी हार्मोन का स्तर बढ़ने की समस्या एक प्रतिशत लोगों में ही देखने को मिलती है।

**प्रमुख लक्षण :** इस रोग में अलग-अलग लक्षण दिख सकते हैं। हाइपोथायरॉइडिज्म में जहां वजन बढ़ना, कब्ज, बाल झड़ना, त्वचा में रूखापन, पीरियड्स में अनियमितता, थकान और सुस्ती जैसे लक्षण नजर आते हैं, वहीं हाइपरथायरॉइडिज्म में वजन घटना, लूज मोशन, बेचैनी, पीरियड्स में ज्यादा ब्लीडिंग, चिड़चिड़ापन और अनिद्रा जैसे लक्षण नजर आते हैं।

**रोग के साइड इफेक्ट्स :** थायरॉइड की समस्या के कई साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। कंसीव करने से पहले महिलाओं को थायरॉइड की जांच अवश्य करवा लेनी चाहिए। अगर कोई समस्या हो तो दवाओं के नियमित सेवन से उसे दूर करने के बाद ही पारिवारिक जीवन की शुरुआत करनी चाहिए। अन्यथा इसकी वजह से मिसकैरेज और शिशु में जन्मजात मानसिक दुर्बलता जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

प्रस्तुतिः विनीता

### बचाव और उपचार



अगर थायरॉइड रोग से संबंधित कोई भी लक्षण नजर आए तो इसकी जांच अवश्य कराएं। अगर हाइपोथायरॉइडिज्म समस्या हो तो रोजाना सुबह खाली पेट दवाओं का सेवन जरूर करें। अगर हाइपरथायरॉइडिज्म हो, तो खाली पेट दवा लेना जरूरी नहीं है, आप किसी भी वक्त दवा ले सकती हैं। हर छह महीने के अंतराल पर नियमित जांच जरूरी है। इससे बचाव के लिए अपनी डाइट में सोयाबीन, बंदगोभी और ब्रॉक्ली से परहेज करें। नियमित जांच और दवाओं का सेवन ही इसका एकमात्र उपचार है। गंभीर स्थिति में आयोडीन थेरेपी भी दी जाती है। यह जीवनशैली से जुड़ी समस्या है, स्वस्थ आदतें अपना कर और दवाओं के नियमित सेवन से इसे आसानी से मैनेज किया जा सकता है।

---



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# ड्राय बालों की ऐसे करें केयर

बहुत सी महिलाएं अपने रूखे और बेजान दिखने वाले बालों से परेशान रहती हैं। इनके उपचार के लिए सैलून जाती हैं या कॉस्मेटिक उत्पादों का सहारा लेती हैं, लेकिन इसके बावजूद अकसर समस्या का सही समाधान नहीं मिल पाता। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो कुछ बहुत ही आसान घरेलू तरीके से उपचार कर सकती हैं। कैसे, विस्तार से यहां बता रहे हैं आपको।

**तेल और दही :** आपकी रसोई में रखा सरसों का तेल और दही बालों के रूखेपन की समस्या को काफी हद तक दूर कर सकता है। इसके लिए कांच की कटोरी में दो चम्मच ताजा दही लें और उसमें एक चम्मच सरसों का तेल मिलाएं। दोनों को अच्छी तरह मिक्स करके एक चिकना पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को अपने सिर की त्वचा और बालों की लंबाई पर अच्छी तरह लगाएं ताकि यह बालों में समा जाए और आधे घंटे बाद माइल्ड शैंपू से बाल धो डालें।





**एलोवेरा जैल :** ड्राय बालों को मॉयश्चराइज करने में एलोवेरा जैल मदद करता है। एलोवेरा जैल को सीधे बालों पर लगाएं और 30 मिनट बाद धो लें। एलोवेरा जैल को बालों पर सीधा लगाने के बजाय आप इसे दही के साथ मिक्स कर अपने बालों पर लगा सकती हैं। इसके लिए आप ताजे एलोवेरा जैल को एक कंटेनर में निकाल लें। फिर इसमें दो बड़े चम्मच दही मिक्स कर दें। अब इस मिश्रण को फेंट लें। इसे अपने बालों में 30 मिनट के लिए लगाकर रखें और बाद में बालों को माइल्ड शैंपू से धो डालें। इससे ड्राय बाल मॉयश्चराइज्ड हो जाएंगे।

**नीबू और दही :** बालों की रूसी से छुटकारा पाने के लिए दही और नीबू को साथ मिलाकर लगाया जा सकता है। आधा कप दही में कुछ बूंदें नीबू के रस की मिलाएं और बालों पर लगाकर आधे घंटे रखने के बाद धो लें। इससे सिर की खुजली भी कम हो जाती है।

**बाल बनेंगे मुलायम :** बालों को नम और मुलायम बनाने में नारियल तेल काफी फायदेमंद साबित होता है क्योंकि नारियल का तेल एक नेचुरल मॉयश्चराइजर है, जो बालों में प्रवेश करके उन्हें मुलायम बनाता है और बालों की जड़ों तक नमी पहुंचाता है। अच्छे परिणाम के लिए सप्ताह में एक बार गुनगुने नारियल तेल से बालों की जड़ों से लेकर सिरे तक मालिश करें और इसे आधे घंटे के लिए छोड़ दें ताकि नारियल तेल बालों में अच्छी तरह रच जाए, फिर माइल्ड शैंपू कर लें।



---

# बहुत जरूरी है सस्टेनेबल लाइफस्टाइल



पॉली बैग्स को कहिए 'ना'



ना होने दें पानी की बर्बादी



सोलर एनर्जी का करें यूज

अवेयरनेस
बुशरा फातमा

जिंदगी की भाग-दौड़ में हम अपनी सुविधाओं और लापरवाही के लिए प्रकृति पर लगातार बोझ डाल रहे हैं। आए दिन होने वाली प्राकृतिक आपदाएं हमें आगाह कर रही हैं कि अगर हमने समय रहते प्राकृतिक संसाधनों को नहीं सहेजा तो भविष्य में छोटी-छोटी चीजों के लिए हम तरसेंगे। इसलिए हमें अपनी जीवनशैली में कई तरह के बदलाव लाने की जरूरत है, जो सस्टेनेबल हों, जिससे हमारी जरूरत और प्रकृति के बीच संतुलन बना रहे।

**जरूरतों को नियंत्रित करें:** कई बार हम ऐसी चीजें भी खरीद लेते हैं, जिसकी जरूरत शायद ही कभी हमें पड़े। चूंकि वो चीज हमें पसंद आ गई तो हम उसे खरीद लेते हैं। सस्टेनेबिलिटी का पहला कदम ही यही है कि जब जरूरत हो तभी सामान खरीदें।

**प्लास्टिक का मिनिमम यूज करें:** अपने दैनिक इस्तेमाल में जितना हो सके प्लास्टिक की जगह कांच, स्टील आदि का इस्तेमाल करें। प्लास्टिक न सिर्फ पर्यावरण के लिए नुकसानदेह होता है बल्कि इससे हमारे स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। किचेन में इस्तेमाल होने वाले सामानों के लिए प्लास्टिक का चुनाव बिल्कुल ना करें। बच्चों के लिए फैंसी प्लास्टिक बॉटल्स और टिफिन की जगह स्टील के टिफिन खरीदें। जब हम बाहर जाते हैं तो पानी की बोतल खरीद लेते हैं या चाय कॉफी के लिए प्लास्टिक के डिज्पोजेबल कप का इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन अगर हमें अपनी धरती को बचाना है और अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना है तो पानी बोतल हमेशा घर से लेकर जाएं। कपड़े का बैग हमेशा साथ लेकर मार्केट के लिए निकलें ताकि प्लास्टिक बैग में सामान लेने की जरूरत न पड़े।

**रोकें पानी की बर्बादी:** यह बात हम सब जानते हैं कि साफ-मीठे पानी के प्राकृतिक स्रोत अब कम हो गए हैं, फिर भी हम पानी के अनावश्यक इस्तेमाल से खुद को रोक नहीं पाते। वर्षा जल का संरक्षण भी जरूरी है। इसके लिए किचेन के वेस्ट वाटर को गार्डनिंग में इस्तेमाल कर सकते हैं। वॉश बेसिन में ब्रश करते समय, बाथरूम में नहाते समय पानी बर्बाद होने से रोकें।

**ऊर्जा की बचत है जरूरी:** घर में ऐसे लाइट्स लगवाएं, जिसमें ऊर्जा की कम खपत हो। संभव हो तो सोलर एनर्जी का यूज किया जा सकता है।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप



### ग्रीन कोसली मुहिम के तहत लगाए गए पौधे

**कोसली।** गांव के युवाओं ने सोमवार को ग्रीन कोसली मुहिम की शुरूआत प्राचीन शिव मंदिर कोसली में रूद्राक्ष का पौधारोपण कर की। यह कार्य शिव मंदिर के महंत रविदास व लाल सिंह की अगुवाई में किया गया। उन्होंने युवाओं की इस मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि कोसली के सार्वजनिक स्थलों व मुख्य रास्तों पर खाली जगह में पौधारोपण कर इस मुहिम को आगे बढ़ाया जाएगा।

### ऊंची भांडोर में सात तक लगेगा पशु मेला

**महेंद्रगढ़।** गांव ऊंची भांडोर में सात सितंबर तक भव्य पशु मेले का आयोजन किया जाएगा। सरपंच प्रतिनिधी बिरेंद्र सिंह व नम्बरदार रणधीर प्रजापत ने बताया कि मेला महेंद्रगढ़–अटेली मार्ग पर स्थित गांव की बणी में आयोजित होगा और अब यह मेला प्रतिवर्ष दो बार लगाया जाएगा। मेले में आने वाले पशुपालकों के लिए गांव की ओर से मुफ्त बिजली, पानी और चारे की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। पशु उतारने और चढ़ाने की सुविधा भी निःशुल्क रहेगी।

### जिला सचिवालय में पॉलीथिन के इस्तेमाल पर रोक

# मुख्यमंत्री के आदेशों पर प्रशासन मुस्तैद अधिकारियों का सफाई पर फोकस

### नोडल अधिकारी वार्डों में कर रहे मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा शहरी स्वच्छ अभियान के तहत जिला प्रशासन पूरी संजीदगी के साथ मानवीय मूल्यों से सराबोर हो स्वच्छता का माहौल बनाने में अपनी अतुलनीय भूमिका निभा रहा है। 'म्हारा रेवाड़ी-स्वच्छ रेवाड़ी' बनाने में डीसी अभिषेक मीणा अपनी पूरी टीम के साथ जन जागरूकता लाते हुए स्वच्छ रेवाड़ी बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। सभी के सांझे प्रयास दिनों-दिन रंग लाते भी नजर आ रहे हैं और स्वच्छ वातावरण जिले के शहरी क्षेत्रों में अब नजर आने लगा है।



रेवाड़ी। वार्ड में सफाई अभियान के तहत झाड़ू लगाते नोडल अधिकारी।

डीसी अभिषेक मीणा ने आगामी 11 सप्ताह के स्वच्छता अभियान को योजनाबद्ध तरीके से चलाने के लिए जहां शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर नोडल अधिकारियों को जिम्मेवारी दी है वहीं स्वयं भी निरंतर आमजन की सहभागिता से वे सफाई व्यवस्था प्रबंधन पर पूरा फोकस करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं।

डीसी के निदेर्शों की अनुपालन करने के साथ ही मेरा वार्ड सबसे साफ वार्ड की रैंकिंग में आने का उत्साह लिए नोडल अधिकारी फील्ड में एक्टिव मोड से स्वच्छता की दिशा में कार्य कर रहे हैं। वार्ड एक से 31 तक वार्ड स्तर पर नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी अपनी टीम के साथ वार्डों में दस्तक दे रहे हैं और पूरी तमन्यता से वार्ड की गलियों में कूड़ा उठान प्रक्रिया, कूड़े करकट के ढेर को साफ करने, आमजन को पॉलीथिन का उपयोग न करने सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए संबंधित विभागीय स्तर पर उठाए जाने वाले कदमों की समीक्षा करते हुए समाधान सुनिश्चित करने का कार्य कर रहे हैं।

#### पॉलीथिन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध

*डीसी अभिषेक मीणा ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि जिला सचिवालय परिसर को पॉलीथिनमुक्त बनाने के लिए सचिवालय में कार्यरत सभी विभागाध्यक्ष व कर्मचारी कोई भी कार्यालय में पॉलीथीन का इस्तेमाल नहीं करेगा। यदि कोई भी कर्मचारी कार्यालय में पॉलीथिन का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा जाता है तो उसका प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 और एक्ट 1994 के तहत चालान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी अपने कार्यालय में और उसके आस-पास हर रोज सफाई रखना सुनिश्चित करेंगे।*

#### वार्डों में स्वच्छता का लिया संकल्प

*वार्ड 21 में सेक्टर एक से तीन मार्केट व अनाज मंडी परिसर में जीएम रोडवेज निरंजन शर्मा की देखरेख में ओमप्रकाश निरीक्षक, ब्रह्म प्रकाश सहायक, अनिल स्टेनो, प्रसाद राजेंद्र सिंगल, रविंद्र यादव आरडब्ल्यूए अध्यक्ष, मुदित बंसल, पृथ्वी सिंह, नारायण दास, सतबीर सिंह, पवन शर्मा प्रधान सेक्टर 3 मार्केट ने सफाई कार्य में आहुति डालते हुए स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। डीसी ने आमजन से आह्वान किया कि इन 11 सप्ताह तक चलने वाले स्वच्छता अभियान में भागीदार बनते हुए शहर को स्वच्छ बनाएं और अपने कूड़े-कचरे को कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डालें।*

### माह की शुरुआत संकल्पों के साथ

## हम विद्यालय को अनुशासित स्वच्छ तथा प्रेरणादायी बनाए



रेवाड़ी। रावमावि सीहा में संकल्प लेते प्राचार्य, विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीव्यापी अभियान के अंतर्गत सोमवार को जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में सितंबर माह की शुरूआत पांच संकल्पों के साथ हुई। महासंघ के जिला प्रभारी व स्कूल अधिकारी संगठन के अध्यक्ष पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिठवाना के प्राचार्य डॉ. दुष्यंत ने बताया कि 'हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान' नामक राष्ट्रीय प्रकल्प के अंतर्गत आज देश भर के 5 लाख स्कूलों के एक करोड़ से ज्यादा विद्यार्थियों ने संबंधित पांच संकल्प प्रार्थना सभा में लिए, जिसमें जिले के शिक्षण संस्थाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि पहला संकल्प रखा गया है कि हम अपने विद्यालय को स्वच्छ,अनुशासित तथा प्रेरणादायी बनाए रखेंगे। विद्यालय की संपत्ति राष्ट्रीय संपत्ति है, तथा हम इसका संरक्षण करेंगे- यह दूसरा संकल्प रखा गया है। तीसरे संकल्प के रूप में चरित्र निर्माण तथा समाज सेवा के को केंद्र में रखा गया है। विद्यालय, समाज तथा राष्ट्र में समरसता तथा भाईचारे के वातावरण को चतुर्थ संकल्प नाम दिया गया है।

#### किया जाएगा जागरूक

माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा ने भी विभागीय पत्र भेजकर इस संकल्प अभियान को व्यावहारिक बनाने की पहल की थी। रेवाड़ी जिले के सभी सरकारी तथा प्राइवेट स्कूल इस संकल्प अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, संगठन इन पांच संकल्पों को केंद्र में रखकर शैक्षणिक माहौल को स्वस्थ एवं रचनात्मक बनाने हेतु समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करेगा।

## प्रियंका गांधी संगठन ने किया दीपेंद्र का सम्मान

### पार्टी संगठन की मजबूती के लिए संगठन विस्तार और नए युवाओं को जोड़ने का काम करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रोहतक से लोकसभा सांसद दीपेन्द्र हुड्डा का सोमवार को रेवाड़ी में कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने से पूर्व प्रियंका गांधी संगठन के जिला अध्यक्ष चरण सिंह ने गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान किया। उन्होंने इस मौके पर कांग्रेस सांसद को विश्वास दिलाया कि वे पार्टी संगठन की मजबूती के लिए पूरे जिले में संगठन विस्तार और नए युवाओं को जोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है और मौजूदा सरकार ने जिस प्रकार से आमजन भावना के विपरीत काम किया है।



#### मौजूद रहे

*इस मौके पर चरण सिंह ने दोनों जिला अध्यक्षों सुभाष छावड़ी और प्रवीण चौधरी को भी उनकी नई नियुक्ति के लिए बधाई दी है। इसके साथ ही उक्त संगठन की एससी विंग के प्रदेश अध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि वे कांग्रेस को मजबूत करने के समाज के सभी लोगों को साथ लेकर संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे। इस मौके पर रह सिंह ढिल्लो, रणधीर प्राणपुरा, कहर सिंह, विक्की सरपंच, पूर्ण गुर्जर, राजेंद्र थानेदार आदि मौजूद रहे।*

## 10 तक खुलेगा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल बारिश से जिले के सात गांव प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रदेश सरकार की ओर से फसल नुकसान पंजीकरण के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल की समय सीमा बढ़ाकर 10 सितंबर तक कर दी है। किसान इस अवधि में अपनी खराब फसलों का ब्योरा पोर्टल पर दर्ज करा सकते हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हाल ही में भारी बारिश, और जलभराव से प्रभावित गांवों के किसानों को फसल क्षति का दावा दर्ज करने के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल 10 सितंबर तक खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि जिला रेवाड़ी में 7 गांव प्रभावित हुए हैं, जिसमें धवाना, सुमाखेड़ा, गुरावड़ा, अहमदपुर पड़तल, रतनथल, सुर्खपुर टप्पा कोसली, भूरियावास गांव शामिल हैं। इन सभी गांवों के किसानों के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। किसान अपनी फसल खराबे की जानकारी अपलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला राजस्व अधिकारी द्वारा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर प्राप्त दावों का विशेष गिरदावरी के रूप में सत्यापन किया जाएगा और आकलन के आधार पर निर्धारित मानकों के अनुसार मुआवजा जारी किया जाएगा। प्रभावित किसान द्वारा दावा दर्ज करने के बाद, संबंधित राजस्व अधिकारी/कर्मचारी जैसे पटवारी, कानूनगो, सर्कल राजस्व अधिकारी, जिला राजस्व अधिकारी, उप मंडल अधिकारी, उपायुक्त नुकसान का आकलन करेंगे।



## समस्याओं के निराकरण में कारगर साबित हो रहे समाधान शिविरः अभिषेक मीणा

- शिविर में आने वाली समस्याओं का निपटारा तत्काल करने के किए जाते हैं प्रयास

### सीवर लाइन साफ कराने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से शुरू कराए गए समाधान शिविर आमजन की समस्याओं का तुरंत निपटारा करने में कारगर साबित हो रहे हैं। शिविर में आने वाली समस्याओं का निपटारा तत्काल करने के प्रयास किए जाते हैं। डीसी सोमवार को अधिकारियों के साथ शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए बोल रहे थे। सरस्वती विहार में गली नंबर-3 में सीवरेज लाइन ब्लॉक की शिकायत पर डीसी अभिषेक मीणा ने संज्ञान लेते हुए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सीवरेज लाइन की साफ सफाई करने के निर्देश दिए। डीसी ने समाधान शिविर में अवैध कब्जा, परिवार पहचान पत्र में नाम दर्ज कराने, पेंशन, जमीनी विवाद, बिजली, पानी, रास्ते पक्का करवाने जैसी अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही संबंधित अधिकारी को उचित कार्यवाही करते हुए तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए। डीसी ने शिकायतकतार्ओं को आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाएगा और भविष्य में भी समाधान शिविरों के माध्यम से जनता की सीधी भागीदारी को प्राथमिकता दी जाएगी।



रेवाड़ी। शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारी।

## डीएसपी ट्रैफिक ग्रामीणों के बीच पहुंचे नशा रोकने के लिए मांगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार ने ग्रामीण भ्रमण कार्यक्रम के तहत सोमवार को मनेठी, ढाणी राधा व खोल गांव का दौरा किया। उन्होंने गांव में आमजन के साथ बैठक कर गांव की सुरक्षा व पुलिस से संबंधित समस्याओं के बारे में जाना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही अपराधों की रोकथाम हेतु चर्चा की। पवन कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध मुहिम चलाई गई है। और सभी चाहते है कि प्रदेश नशे से मुक्त हो। पुलिस द्वारा गावों में लगातार जागरूकता के प्रोग्राम चलाए जा रहे है। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है, ताकि वे अपनी ऊर्जा का सही दिशा में प्रयोग कर सकें। इसके साथ ही पुलिस नशा तस्करों को काबू करने के साथ चैन को तोड़ रही है।



रेवाड़ी। ग्रामीणों से संवाद करते हुए डीएसपी पवन कुमार। फोटो :हरिभूमि

#### नशा कर देता है परिवार को तबाह

*नशा हंसते खेलते परिवार को तबाह कर देता है। नशा एक सामजिक बुराई है। इसको जड़ से खत्म करने के लिए समाज के हर वर्ग को मिलकर इसके खिलाफ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। आमजन इस मुहिम में पुलिस का सहयोग करें। डीएसपी ने इस दौरान ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वे नशे के साथ साथ अपराध से भी दूर रहे, आपसी गुटबाजी से बचे। गांव में यदि कोई व्यक्ति नशे का कारोबार करता है तो उसके बारे में पुलिस को सूचना दे। सूचना देने वाले की पहचान भी गुप्त रखी जायेगी। और आरोपी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाएगी।*

## चुनावों से पहले बढ़े और बाद में घट गए बीपीएल परिवारः दीपेंद्र

### रोहतक सांसद ने किया कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुभाष छावड़ी के कार्यालय का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में चुनावों से पहले बीपीएल परिवारों की संख्या बढ़ गई थी, परंतु चुनावों के बाद फिर से सत्ता में आते ही भाजपा ने बीपीएल परिवारों की संख्या कम कर दी। बड़ी संख्या में पात्र लोगों के नाम बीपीएल सूची से काट दिए गए। यह भाजपा का 'बीपीएल कार्ड फॉर वोट' घोटाला उजागर हुआ है। दीपेंद्र सोमवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुभाष छावड़ी के कोनसीवास रोड पर कार्यालय का शुभारंभ करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र और संविधान को बचाने के लिये महत्वपूर्ण है कि चुनाव आयोग की भूमिका पाक साफ हो। चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी की मिलीभगत का खेल चल रहा है। चुनाव के नतीजों को प्रभावित करने के लिये खुलेआम हर प्रकार के यंत्र, मंत्र, तंत्र का प्रयोग हो रहा है। इसका खुलासा देशवासियों के सामने हो गया है। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा के चुनावों में भी व्यापक गड़बड़ियां हुई हैं। तरह-तरह के हथकंडे अपनाये गये हैं और बहुत जल्द ही इनका तथ्यों और प्रमाण के साथ खुलासा किया जायेगा। बीजेपी ने 2024 चुनाव से ठीक पहले वोटरों को प्रलोभन देने के लिए बीपीएल कार्ड 27 लाख से बढ़ाकर 51 लाख तक पहुंचाए, जिससे हरियाणा की 75 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीचे आ गई। इतनी गरीबी तो आजादी के समय भी नहीं थी। चुनावी साल में इन्हें 2-3 फ्री राशन बाँटने व 2024 चुनाव में सत्ता हासिल करने के बाद अब तक 10 लाख से अधिक इढछ कार्ड काट दिए गए। यानी जिस रफ्तार से गरीबी का तूफान आया, उसी रफ्तार से अब चुनाव के बाद अमीरी का तूफान आ गया।




रेवाड़ी। सांसद दीपेंद्र हुड्डा का स्वागत करते कांग्रेसी। फोटो : हरिभूमि

#### मौके पर यह लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर विधायक मंजू चौधरी, पूर्व मंत्री जसवंत सिंह, पूर्व मंत्री एम. एल. रंगा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुभाष चंद छावड़ी, पूर्व मंत्री जगदीश यादव के बेटे मन्नु यादव, अखिल भारतीय यादव महापरिषद के प्रदेशाध्यक्ष पवन भाड़ावास, नीलम भागवाड़िया, राकेश यादव, अनिल यादव, दीवान सिंह चौहान, जिला पार्षद बलजौर, विक्रम, श्याम यादव, साधु सिंह, पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र, रेखा दहिया, सुमन, जगबीर समेत बड़ी संख्या में स्थानीय कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### क्यू-स्पाइडर बेंगलुरु की तरफ से प्लेसमेंट की संयोजक हर्षिता ने साक्षात्कार लिए

# विश्वविद्यालय में चलाई गई प्लेसमेंट ड्राइव, 10 विद्यार्थी चयनित

### प्रोफेसर रविंद्र ने बताया कि विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को देखते हुए उनका चयन किया गया

#### एमएससी गणित, कंप्यूटर विज्ञान, बीटेक के छात्रों के लिए प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी में प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट इकाई के द्वारा विभिन्न विभागों (एमएससी गणित, कंप्यूटर विज्ञान, बी.टेक, एमसीए और एमएससी रसायन विज्ञान) के विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अभियान का आयोजन किया गया जिसमें क्यू-स्पाइडर सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के साक्षात्कार लिए। क्यू-स्पाइडर बैंगलोर की तरफ से प्लेसमेंट इकाई की संयोजक सुश्री हर्षिता विद्यार्थियों के साक्षात्कार के लिए आई। विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी प्रोफेसर रविंद्र और प्रोफेसर सत्येंद्र बल ने सुश्री हर्षिता का स्वागत किया। प्रोफेसर रविंद्र ने बताया कि विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को देखते हुए उनका चयन किया गया है। प्रोफेसर सत्येंद्र बल ने बताया कि सभी शिक्षक विद्यार्थियों को उच्चतम शिक्षा प्रदान करने के लिए हमेशा समर्पित रहते हैं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के शिक्षक गण सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।





रेवाड़ी। प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

#### 100 छात्रों ने लिया भाग



*साक्षात्कार प्रक्रिया में प्लेसमेंट के लिए लगभग 100 विद्यार्थी उपस्थित हुए जिनमें से 10 विद्यार्थियों (सीएससी विभाग से भवेंद्र प्रताप, शिवानी, खुशी, एमएससी विद कंप्यूटर साइंस से आकाश कुमार, तमन्ना यादव, तन्नू, बीटेक से तानिया दहिया एवं एमसीए से हिमांशु यादव, मानसी यादव एवं हर्षवर्धन) का प्रतिष्ठित कंपनी में चयन हुआ।*

### 7 को अग्रवाल समाज का परिचय सम्मेलन

## उत्तर भारत का महाकुंभ होगा परिचय सम्मेलनः गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा की ओर से आगामी 7 सितम्बर को महाराजा अग्रसेन स्कूल जींद में उत्तर भारत स्तरीय विवाह योग्य अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने बताया कि यह आयोजन समाज का एक ऐतिहासिक महाकुंभ होगा, जिसमें हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़ सहित कई राज्यों से हजारों अग्रबंधु जुटेंगे।

गोयल ने बताया कि सम्मेलन को लेकर सभी 22 जिलों में अध्यक्षों के नेतृत्व में समितियां कार्यरत हैं वही साथ ही हरियाणा व आसपास के राज्यों में प्रचार के लिए 450 संयोजकों की टीम सक्रिय है। इस सम्मेलन में आज तक 800 से ज्यादा युवक युवतियां अपने पंजीकरण करवा चूके है। पंजीकरण 1000 से भी ज्यादा पार होकर एक रिकार्ड बनाएगा।

**NOTICE**

I, Suresh Chandra alias Suresh Kumar S/o Umrav Singh R/o 93, Buroli (76), Sub Tehsil-Dahina and Distt. Rewari Haryana-123411 declare that I want to change my name from Suresh Chandra alias Suresh Kumar to Suresh Chand in all my documents. That the Suresh Chandra alias Suresh Kumar and Suresh Chand is the same person. In Future I may be known as Suresh Chand for all purposes.

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने उद्घोषित अपराधी गिरफ्तार किया

रेवाड़ी। पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने राजस्थान के मानगढ़ निवासी शेरसिंह को एक केस में पीओ घोषित किया था। कोर्ट ने पुलिस ने आगामी 2 दिसंबर तक उसकी संपत्ति का ब्योरा प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए हुए हैं। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद शेरसिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### बर्बाद फसलों का उचित मुआवजा दे सरकार

रेवाड़ी। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं की एक मीटिंग नेताजी सुभाष चन्द्र बोस पार्क में रामकुमार निमोठ की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर कामरेड राजेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रदेश में 2.19 लाख एकड़ भूमि में बाजरा, कपास, ग्वार, सब्जियों और फूलों की फसलें लगभग पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं। कठोर शर्तों के कारण बीमा कंपनियां से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा किसानों को नहीं मिल पाता तथा हरियाणा सरकार भी नाममात्र की की क्षतिपूर्ति करती है। फसल बर्बाद होने से किसान के पास घर के खर्च चलाने के लिए आमदनी का कोई जरिया नहीं बचता उन्होंने ने मजबूरन कर्ज लेना पड़ता है और कर्ज के जाल में धंसता चला जाता है। कामरेड ने कहा कि सरकार बरसात व जलभराव से बर्बाद हुई फसल की तुरंत प्रभाव से गिरदावरी करवाए। बर्बाद फसल का प्रति एकड़ 59 हजार मुआवजा दे। जलभराव के कारण जिन खेतों में फसल नहीं बोई गई उनका भी मुआवजा दे।

दो दिन और बारिश होने का अनुमान, खरीफ की फसलें हो रही बर्बाद

# एक घंटे की बारिश में पानी-पानी हुआ शहर, जलभराव से लोगों को परेशानी, फसलों को भी नुकसान

■ आकलन करने में जुटा कृषि विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बारिश के बाद शहर जलभराव से निकलते वाहन व लोग।







सितंबर माह के पहले ही दिन मध्यम बारिश से शहर एक बार फिर पानी-पानी हो गया। निचले इलाकों में जलभराव से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम की मार किसानों पर भी खूब पड़ रही है। बाजरा और कपास की फसल बारिश से बर्बाद होने लगी हैं। अभी मौसम जल्द साफ होने की संभावना नहीं है। अगले दो दिनों में और बारिश होने का पूर्वानुमान है। ज्यादा बारिश शहर के लोगों के लिए मुसीबत बन सकती है। वहीं किसानों की फसलों को भी अब बारिश चौपट कर सकती है।

रविवार की रात को कई इलाकों में बूंदाबांदी और हल्की बरसात हुई। सोमवार सुबह से ही बूंदाबांदी चलती रही। दोपहर के समय शहर में लगभग एक घंटे तक अच्छी बारिश हुई, जिससे पूरे शहर में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। शहर के नाईवाली चौक, भाड़ावास गेट, नागरिक अस्पताल, सामान्य बस स्टैंड, बावल रोड, अनाजमंडी, मॉडल टाउन और सेक्टरों में निचले इलाके बारिश के पानी से जलमग्न हो गए। नाईवाली चौक पर बारिश के दौरान वाहनों का जाम लगा रहा। कई वाहन पानी में बंद हो गए, जिससे चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। नगर परिषद और सिंचाई विभाग के कर्मचारी बारिश में ही पानी निकासी की व्यवस्था करने में जुटे रहे। बस स्टैंड पर जलभराव से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। निचले इलाकों में बरसात का पानी मकानों और दुकानों तक में घुस गया। पानी निकासी के नाले छलक गए, जिससे पानी सड़कों पर फैल गया। जिन सड़कों में गड्ढे बने हुए हैं, वहां एकत्रित पानी दुपहिया वाहन चालकों के लिए मुसीबत बना रहा। अगर और अधिक बारिश होती है, तो शहर के लोगों को जलभराव की समस्या का और अधिक सामना करना पड़ेगा।

### तापमान में गिरावट से मिली राहत

सोमवार को हुई मध्यम बारिश के बाद लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिल गई। अधिकतम तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 31.0 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 0.3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 20.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 90 प्रतिशत तक रहा, जबकि हवाओं की गति 15 किमी प्रति घंटा तक रही। बारिश के बाद लोगों को कुछ हद तक उमस भरी गर्मी से राहत मिल गई। मौसम विभाग के अनुसार 2 और 3 सितंबर को भी हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। इसके बाद भी मौसम के जल्द साफ होने की अभी संभावना नहीं है।

### कपास और बाजरे को भारी नुकसान

कई दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाने का काम किया है। बाजरे की फसल कटाई के लिए तैयार खड़ी है। खराब मौसम में किसान फसल कटाई नहीं कर पा रहे हैं। जिन किसानों ने कटाई कर दी, उनकी फसल बारिश से खराब हो चुकी है। कपास की फसल भी बारिश के कारण रंग बदलकर काली पड़नी शुरू हो गई है। कृषि विभाग के एसडीओ दीपक यादव ने बताया कि बारिश लगातार जारी रहने के कारण अभी नुकसान का पूरा आकलन नहीं हो पाया है। विभाग के एडीओ खेतों में जाकर नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। अगले दो-तीन दिनों में नुकसान का सही अनुमान लगाया जा सकेगा।

### उठने लगी विशेष गिरदावरी की मांग

बारिश के कारण किसानों की फसलों को काफी नुकसान हो चुका है। नुकसान अब बारिश के साथ बढ़ता ही जा रहा है। अगस्त माह के शुरू में हुई बारिश के बाद प्रशासन ने सात गांवों में फसलों को नुकसान के लिए चिन्हित किया था, परंतु लगातार बारिश होने से बड़ी संख्या में गांवों में फसलों को नुकसान हुआ है। बारिश लगातार जारी रहने से बाजरे की फसल बुरी तरह बर्बाद हो सकती है। सरकार की ओर से क्षतिपूर्ति पोर्टल भी 10 सितंबर तक खोला गया है, ताकि किसान बर्बाद फसलों का ब्योरा दर्ज करा सकें।

### बारिश से सूंदरोज गांव में मकान में दरार

बारिश के कारण सूंदरोज गांव में एक मकान में दरारें। परिवार के सदस्य दरार आते ही मकान से बाहर आ गए, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। गांव निवासी सुभाष, बालवीर व धर्मवीर तीनों भाइयों का लगभग 200 वर्ग गज क्षेत्र में बना मकान बारिश के कारण दरार छोड़ने लगा। परिवार के सदस्य मकान के बाहर आ गए। अब यह मकान रहने के लायक नहीं है। तीनों भाई मजदूरी करके पेट पालते हैं। उन्होंने प्रशासन से तत्काल मकान के लिए मदद की मांग की है।

बारिश के कारण काली पड़ने लगी कपास की फसल



खेत में कटी पड़ी बाजरे की फसल





### टोली की कार्यशाला में वर्करों को किया प्रशिक्षित

रेवाड़ी। विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी हरियाणा प्रांत की ओर से उत्कृष्ट भारत उपक्रम कार्यक्रम के अंतर्गत टोली की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें पूरे प्रांत से कुल 40 कार्यकतार्ओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण प्राप्त टोली प्रांत के विश्विद्यालय व महाविद्यालयों में स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण के उपलक्ष्य में 11 से 27 सितंबर के दौरान 'स्वामी विवेकानंद का जीवन एवं संदेश' आधारित पुस्तक पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व कार्यशाला का आयोजन करेंगे। इनमें से चयनित युवा प्रांत स्तरीय विवेकानंद केंद्र सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास आवासीय शिविर का हिस्सा बनेंगे। इसके माध्यम से विवेकानंद केंद्र हरियाणा प्रांत में युवाओं को स्वामी के सपनों का भारत बनाने के लिए सकारात्मक योगदान हेतु प्रेरित करने का अभियान प्रतिवर्ष चलाया जाता है। इस कार्यक्रम को सह प्रांत संचालक दशरथ चौहान के सानिध्य व प्रांजलि प्रांत संगठक के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक पूर्ण किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम में व्यवस्था का दायित्व प्रांत कार्यपद्धति प्रमुख रणजीत सिंह ने निभाया। युवाओं की टोली ने खेलों का खूब आनंद लिया।

## ग्रामीणों को नशे के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने की मुहिम के तहत सोमवार को पुलिस की टीम ने गांव बिहारीपुर, बोडिया कमालपुर व गांव मांढिया खुर्द का दौरा कर स्टूडेंट्स व आमजन को नशे से दूर रहने तथा शिक्षा व खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। नशा मुक्त टीम द्वारा स्टूडेंट्स/आमजन को नशा न करने बारे जागरूक किया और नशा ना करने की शपथ भी दिलवाई। पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ लड़ने की शपथ दिलाते हुए पुलिसकर्मी।

### नशे का मिलकर करें बहिष्कार

नशा एक अभिशाप है इसका मिलकर बहिष्कार करें। अगर आपके पास किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना है कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो इस बारे पुलिस को टअठअर हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे। पता व जानकारी बताने वाले व्यक्ति का नाम पता गुप्त रखा जायेगा। रेवाड़ी पुलिस, प्रदेश में नशे के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' नीति को पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ लागू करने के लिए संकल्पबद्ध है।



### मॉडल संस्कृति स्कूल में विद्यार्थियों को दिलाई साझा संकल्प की शपथ

रेवाड़ी। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत साझा संकल्प की शपथ दिलाई। प्राचार्य मनोज कुमार ने विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को साझा शपथ दिलाते हुए अपने विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित, हरित, प्रेरणास्पद बनाए रखने, विद्यालय की संपदा, संसाधन तथा समय को राष्ट्रधन मानते हुए उनका संरक्षण करने तथा विवेकपूर्वक उपयोग करने के साथ विद्यालय में भेदभाव रहित वातावरण , समाज से सीखने और सिखाने के पथ पर अग्रसर रहकर शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नहीं अपितु चरित्र निर्माण , आत्मविकास और समाज सेवा का साधन मानकर कार्य करने, विद्यालय एक संस्था नहीं अपितु संस्कार, सेवा ओर समर्पण का तीर्थ मानते हुए उसका गौरव बढ़ाने हेतु सतत प्रयत्नशील रहने तथा हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ, हमारी आत्मा का अभिमान ओर राष्ट्र निर्माण का आधार मानकर कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रवक्ता सत्ते सिंह, डा. सुविधा, अनिता रोहिल्ला, पुनीता सैनी सहित अध्यापक रविंद्र कुमार, मुकेश कुमार, नरेंद्र सिंह, पूनम देवी, राजेश कुमार सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बेस्ट हाउस ऑफ द मंथ ट्राफी पर विद्या हाउस का कब्जा, सम्मानित किया

■ प्राचार्य मनोज कुमार ने विजेता हाउस को शुभ कामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृत विद्यालय में सोमवार को साप्ताहिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्टाफ सचिव प्रवक्ता सत्ते सिंह के मार्गदर्शन में विद्यालय में चार सदन की ओर से प्रार्थना सभा तथा अन्य सप्ताहिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

प्रवक्ता सत्ते सिंह, अध्यापक रविंद्र कुमार तथा मुकेश कुमार की टीम ने अगस्त माह के दौरान आयोजित गतिविधियों में विभिन्न हाउस द्वारा की गई गतिविधियों का बारीकी से अवलोकन एवं मूल्यांकन कर हाउस ऑफ द मंथ के लिए विद्या हाउस को विनर घोषित किया। प्राचार्य मनोज कुमार ने विजेता हाउस को शुभ कामनाएं देते हुए विद्या हाउस कैप्टन कक्षा 11वीं की छात्रा साक्षी को बेस्ट हाउस ऑफ द मंथ ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया तथा अन्य सदनों को ओर बेहतर करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रवक्ता मनोज कुमार, डॉ. सुविधा यादव, अनिता रोहिल्ला, कांता लहकरा, रेखा रोहिल्ला, पुनीता सैनी सहित अध्यापक रविंद्र कुमार, मुकेश कुमार, नरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।




रेवाड़ी। विद्यालय स्टाफ के साथ विजेता प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

## बरसाने में आनंद छायो, राधे को जन्मदिन आयो ...

■ राधा रानी व भगवान शिव के रंग में रंगा टीपी स्कीम का गणेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर की प्रमुख कालोनी टीपी स्कीम 9 में चल रहा गणेशोत्सव रविवार को राधा रानी के जन्म व भगवान शिव की झांकी रंग में रंग गया। जन्मोत्सव पर आतिशबाजी, शोभायात्रा व महिला संकीर्तन की धूम रही तो रात्रि में रिमझिम बरसात के भगवान शिव, पार्वती व मां काली की झांकी ने रंग जमाया।

समिति के मीडिया प्रभारी व कार्यक्रम संचालक गोपाल शर्मा ने बताया कि गणेशोत्सव का पांचवा दिन विभिन्न रंग बिखेर गया। सुबह की पूजा-अर्चना के बाद दोपहर को कालोनी की महिला संकीर्तन मंडली ने राधाष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया। टीपी स्कीम पार्क से नाचती गाती महिलाओं ने राधा-कृष्ण के साथ शोभायात्रा निकाली। आतिशबाजी व भक्ति संगीत के बीच महिलाएँ ' बरसाने में आनंद छायो, लाली को जन्मदिन आयो ' , 'ओ राधारानी के संग नच लेण दे' , बधाई हो बधाई , हैप्पी बर्थडे टू यू' आदि गीतों पर झूमती नजर आईं। कालोनी के बच्चों ने भी राधा-कृष्ण की भूमिका में रंग जमाया।





रेवाड़ी। कार्यक्रम में निकाली गई झांकी व नृत्य करते श्रद्धाल। फोटो :हरिभूमि

### मेले में परोसे गए स्वादिष्ट व्यंजन

शाम समय स्वादिष्ट व्यंजनों की स्टालों के साथ मेले का आयोजन किया गया। रात्रि के आयोजन में भगवान भोलेनाथ, पार्वती व माँ काली के नृत्य की धूम रही। रिमझिम बरसात के बीच 'सत्यम शिवम सुंदरम, ' भोली रे पिला दे भंगिया, ' शंकर जी आए, साथ मे गौरा को लाए' , आजा माँ शीतला भवानी ' आदि गोत सराहनीय रहे। गणेश वंदना व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



कोसली। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

कोसली। गांव के श्री गोगा जी महाराज मंदिर में सोमवार को हर वर्ष की भांति भंडारे का आयोजन। इससे पूर्व रात्रि को आयोजित जागरण में दिल्ली से आए भजन गायक ममता रोहिल्ला, राकेश कौशिक व प्रदीप कौशिक ने गोगा महाराज की महिमा का गुणगान किया मोहित भारद्वाज आर्ट ग्रुप द्वारा मनमोहक झांकिया निकाली गई। आज प्रातः रामचंद्र शास्त्री द्वारा हवन किया गया। भंडारे में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के भगत बिट्टू ने बताया कि हर वर्ष गुगा नवमी के बाद जागरण और भंडारे आयोजन किया जाता हैं। जिसमें दूर-दराज व क्षेत्र के श्रद्धालु बाबा के मंदिर में मत्था टेकने आते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं।

ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं नजदीक ही उपलब्ध होंगी व इलाज के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी

# सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली मजबूत करने पर सरकार का जोर: आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने की दिशा में हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के कोसली हलके में 2.93 लाख रुपये की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्रों और ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य इकाई के निर्माण कार्य शुरू हो चुके हैं।

सोमवार को जारी एक बयान में आरती सिंह राव ने बताया कि जाटूसाना ब्लॉक के चौकी नं. 2 गांव, डहीना ब्लॉक के मौतला कलां गांव और नाहड़ ब्लॉक के लूखी गांव में उप-स्वास्थ्य केंद्रों का कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही नाहड़ ब्लॉक के कोसली गांव में एक ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य इकाई का निर्माण किया जा रहा है। नाहड़ ब्लॉक के नेहरूगढ़ गांव और डहीना ब्लॉक के धावना गांव में भी उप-स्वास्थ्य केंद्र बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत किया जाए। नए उप-स्वास्थ्य केंद्र और ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य इकाई बनने से ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं नजदीक ही उपलब्ध होंगी और इलाज के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी।





कोसली। हलके में निर्माणाधीन स्वास्थ्य सेवा परियोजनाएं। फोटो :हरिभूमि

### स्वास्थ्य ढांचे का हो रहा विस्तार



कैबिनेट मंत्री आरती राव।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ स्वास्थ्य एक मजबूत समाज की नींव है। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद जनता को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को और अधिक मजबूती मिलेगी। यह परियोजनाएं राज्य सरकार की उस व्यापक योजना का हिस्सा हैं जिसके तहत पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचे का विस्तार किया जा रहा है। नई स्वास्थ्य सुविधाओं से न केवल ग्रामीण और शहरी जनता को समय पर इलाज मिल सकेगा, बल्कि यह रोजगार के अवसर भी पैदा करेंगी।